प्रधान कार्यालय निदेशक मत्स्य विभाग, उ0प्र0, लखनऊ

संख्याः /कै0सं0नि0म0/2020 दिनॉकः 18.3.2020

कार्यालय ज्ञाप

वर्तमान में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये व्यक्तिगत सतर्कता और सफाई के प्रति संवेदनशीलता बनाये रखने की आवश्यकता है और इसके लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रसारित किये गये उपायों पर अमल लाये जाने की अपील की जाती है।

उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत मत्स्य विभाग, उ0प्र0 के अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को यह निर्देश दिये जाते हैं कि अपने कार्यालय परिसर की समुचित साफ–सफाई रखें, अपने हाथ–पैर को नाखूनों को नियमित रूप से काटें, 20 मिनटों के अन्तराल पर स्वच्छ पानी से हाथ धोंये और सेनेटाइजर से हाथ की सफाई करें। हैंडवाश और सेनेटाइजर की व्यवस्था कार्यालय मद से सुनिश्चित करायी जाये। कार्यवश कार्यालय में आने वाले आगुन्तकों और मत्स्य पालकों का नमस्ते से अभिवादन करें। रोगग्रस्त कार्मिक जो नजला, जुकाम से पीड़ित हों, को घर पर ही विश्राम देने का अवसर दें और किसी भी व्यक्ति और उसके परिजनों के ज्वर से पीड़ित होने, जुकाम और नाक बहने तथा सिर में दर्द के लक्षण पाये जाने पर उसे स्वयं को और अपने परिजनों को कोरेनटाइन में रखते हुए चिकित्सीय परामर्श लिया जाये। साथ–ही यदि कोई कार्मिक अथवा उसके परिजन विदेश यात्रा से वापस लौटे हों तो यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि उनका चिकित्सीय परीक्षंण हो गया हो। कोई ऐसी गोष्ठी एवं कार्यक्रमों का आयोजन न किया जाये जिसमें भीड़–भाड़ होने की संभावना हो। कार्यालय कक्षों एवं कुर्सी मेजों की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये। उक्त निर्देशों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें। स्थानीय प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस के संबंध में प्रसारित हेल्थ एडवाइजरी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

ह0/
(एस0के0 सिंह)
निदेशक
मत्स्य विभाग, उ0प्र0
लखनऊ।

संख्याः 422/कै0सं0नि0म0/2020, दिनॉकःउक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण मत्स्य विभाग, उ0प्र0।

2– कार्यलय के सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

3– विशेष सचिव, मत्स्य, उ0प्र0 शासन, लखनऊ महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

18/3/2020
(एस0के0 सिंह)
निदेशक
मत्स्य विभाग, उ0प्र0
लखनऊ।

Scanned by CamScanner